हैं, वे एसा नहीं करते हैं व एसा कहते हैं, कि जैसे २ कर्म होते हैं, वैसे २ स्थान में उत्पन्न हो आत्मा सुख दुःख भोगता है इसलिये कल्पातीत, ( केवल ज्ञानी ) एतदनुदर्शी, तथा कर्मों को नाश करनेवाले महर्षि कर्म क्षय करते हैं ॥ ७ ॥ योगियों के मन में क्या तो सुखी और क्या उदासी होती है कदाचित् सुखी और उदासी आजावे तो वे उसमें तल्लीन पणा धारण नहीं करते हैं और सर्व हास्यादि कुतूहल को छोडकर कछुवे की तरह मन, वचन, और काया इन तीनों योगों को संयम में रखते हुवे विचरते हैं ॥ ८ ॥ अहो पुरुष ! तूंही तेरा मित्र है, अन्य बाह्य मित्र की क्यों इच्छा करता है ॥ ९ ॥ मित्र आत्मा जो कर्म

क्यों ब बाहिर का मि० मित्र इ चहाता है ? ॥ ९ ॥ जं जिस को जा० जानेगा उ० कर्म के नाश करनेवाला तं० उस को जा० जानेगा दू० मोक्ष जानेवाला जं० जिस को जा० जानेगा दू० मोक्ष जानेवाला तं० उस को जा० जानेगा उ० कर्म के नाश करनेवाला ॥ १० ॥ पु० पुरुष अ० आत्माको ही अ० मुक्त न बना ए० ऐसे दु० दुःख से प० छूटेगा ॥ ११ ॥ पु० पुरुष स० सत्य को ही स० जान स सत्य की आज्ञा में उ प्रवर्तक से० वे मे० पण्डित मा० मृत्यु से तिरते हैं स० युक्त ध० धर्म मा० ग्रहणकर से० श्रेय

मेव तुमं मित्तं, किं बहिया मित्त मिच्छासि ॥ ९ ॥ जं जाणेज्जा उच्चालइय तं जा णेज्जा दूरालइय, जं जाणेज्जा दूरालइयं, तं जाणेज्जा उच्चालइयं ॥ १० ॥ पुरिसा अत्ताण मेव अभिणिगिज्झ एवं दुक्खा पमोक्खसि ॥ ११ ॥ पुरिसा सच्चमेव स मभिजाणाहि सच्चस्साणाए स उवट्ठिर से मेहावी मार तरति सहिते धम्म मादाय

करने वाला मानेगा; उसी आत्मा को मोक्ष मात्र करने वाला जानेगा और जिसको मोक्ष मात्र करने वाला मानेगा उसीको कर्म क्षय करने वाला मानेगा ॥ १० ॥ अहो पुरुष ! तू तेरी आत्मा को विषय में गृद्ध मत बना इससे शीघ्रही दुःख से मुक्त होजायगा ॥ ११ ॥ अहो पुरुष तू सत्यकाही सेवनकर क्योंकी सब न्याय मार्गमें चलनेवाले ही तत्वज्ञ साधु संसार से तीर सकते हैं और धर्म को ग्रहण कर कल्याण को मात्रकर

म सम्यक् प्रकारसे देखता है ॥ १२ ॥ दु० दोनों से मरायाहुवा जी० अविनम्य के लिये प० वंदना मा० सन्मान पू० पूजा जं० जिस में प० कितनेक प० प्रमोद पाते हैं ॥ १३ ॥ म० ज्ञानादि सहित दु० दुःख पु० स्पर्श णो नहीं झ० व्याकुल होना पा० देखे द० मुक्ति लो० लोक आ० आलोच कर प० प्रपंचसे मु० छूटे वि० ऐसा बे० कहता है ॥ १४ ॥ + + +

सय समणुवस्सति ॥ १२ ॥ दुहओ जीवियस्स परिवंदण माणण पूयणाए, जंसि एगे पमोयति ॥ १३ ॥ सहिए दुक्ख मत्ताए पुट्ठो णो झझाए पासिम दविए लो यालोयपवंचाओ मुच्चति त्तिबेमि ॥ १४ ॥ इति सीतोसणीया ज्झयणस्स—तइओ उद्देसो सम्मत्तो। * * *

सकते हैं ॥ १२ ॥ रागद्वेषादि से कलुषित हृदय जिनका होरहा है ऐसे कितनेक कीर्ति, मान, पूजा के लिये हिंसा करनेमें प्रमोद पाते हैं ॥ १३ ॥ संयम पालते कदाचित् दुःखभी आजावे तो व्याकुल होना नहीं किसी प्रकार के भरम में पड़ना नहीं; परंतु ऐसा विचारना कि दुःख ही कर्मों का निकन्दन करने का कारण है ऐसे विचार से जो प्रवर्ती प्रवृत्त हैं; वेही सर्व लोक के प्रपंचों से छूटकर मुक्ति पाते हैं ऐसा मैं तीर्थंकर के कथनानुसार कहता हूं १४ ॥ यह शीतोष्णीय नामक तृतीय अध्ययन का तृतीय उद्देशा पूर्ण हुवा आगे कषायत्याग का उपदेश देते हैं × + ×

से० वे व० वमन करनेवाले को० क्रोध को मा० मान को मा० माया को लो० लोभ को ए० यह पा० वस्तुओंका दं० मत है, उ० निवर्ते हैं स० शस्त्र से जो प० संसारके अंत करनेवाले आ० आश्रव स० दूर करे ॥ १ ॥ जे० जो ए० एक को जा० जानता है से० वह स० सर्व जा० जानता है जे० जो स० सर्व जा० जानता है से० वह ए० एक जा० जानता है ॥ २ ॥ स० सर्व से प० प्रमादीको भ० डर है स० सर्व से अ० अप्रमादी ण० निडर है ॥ ३ ॥ जे० जो ए० एक णा० नमावे से० वे ब० बहुत णा० नमावे जे०

से वंता कोहं च, माणं च मायं च, लोभं च, एयं पासगस्स दंसणं उवरयसत्थस्स पलियंतकरस्स आयाणं सगडब्भि ॥ १ ॥ जे एगं जाणइ से सव्वं जाणइ । जे सव्वं जाणइ से एगं जाणइ ॥ २ ॥ सव्वतो पमत्तस्स भयं, सव्वतो अप्पमत्तस्स णत्थि भयं ॥ ३ ॥ जे एगं णामे से बहूणामे, जे बहूणामे से एगं

जो पुरुष अपने किये हुवे कर्मों को दूर करके यथोक्त रीतिसे संयम पालेगा वह क्रोध, मान, माया, तथा, लोभको दूर करेगा एसा तत्त्वदर्शी, शस्त्रत्यागी संसारांतकर्ता भगवान् श्री वीरप्रभुका दर्शन है ॥ १ ॥ जो एक परमाणु आदि सूक्ष्म वस्तु को जानता है वह सर्व पर्यायों को जानता है और जो संसार में वर्तमान सर्व पदार्थ को जानता है, वह एक घटिकादि वस्तु जानता है ॥ २ ॥ प्रमादी जीवों को सब वस्तु से भय है और अप्रमादी को किसी का भय नहीं है ॥ ३ ॥ जो एक मोहनीय कर्म को नमाता है,

ति० तिर्यंचदर्शी, से० वे द० दुःखदर्शी ॥ ९ ॥ से० वे मे० पण्डित अ० निवर्ते को० क्रोध से, मा० मान से, मा० माया से, लो० लोभ से, पे राग से, दो० द्वेष से, मो० मोह से, ग० गर्भ से, ज० जन्म से म० मरणसे, ण० नरक से, ति० तिर्यंचसे, और दु० दुःख से, ए० यह पा० वल्लभ का द० मत उ० निवर्तनेवाले स० शस्त्र से प० सनारान्त करनेवाले ॥ १० ॥ आ० आदान णि० निषेधक स० कर्मों को भेद

जे णिरयदंसी से तिरियदंसी, जे तिरियदसी से दुक्खदसी ॥ ९ ॥ से मेहावी अभिणिवट्टेज्जा-कोहच, माणच, मायच, लोहच, पेज्जच, दोसच, मोहच, गब्भच, जम्मच, मरणच, णरगच, तिरियंच, दुक्खच, एय पासगस्स दसणं उवरयसत्थस्स पलियंतकरस्स ॥ १० ॥ आयाणं णिसिद्धा सगडब्भि । किमत्थि उवाधि पासग-

नरक, तीर्यच तथा और दुःखों का त्याग करेगें ॥ ९ ॥ उक्त युक्ति से पंडित क्रोध, मान माया, लोभ, राग, द्वेष, मोह, गर्भ, जन्म, मरण, नरक तथा तीर्यचके दुःखों से अपनी आत्मा को बचावे यही मत शस्त्र त्यागी, ससार के अंत कर्ता श्री वीरप्रभुका है ॥ १० ॥ आते हुए कर्मों को संयम से रोक करके पूर्व को कर्मों को खपावे ऐसे कर्म क्षय कर जो केवल ज्ञानी हुए हैं, उनको अब कोनसी उपाधि है अपितु कुछभी उपाधि नहीं हैं ऐसा तीर्थंकर भगवान के कथनानुसार मैं

मेवाले कि० क्या? उ० उपाधि पा० कर्मकृतो ण नहीं है ण० नहीं है चि० ऐसा कहता हूं ॥११॥
इ० ऐसा सी० सीतोष्णीय णा० नामक त० तीसरा अ० अध्ययन स० समाप्त + +

स्स । णविज्जति णत्थि त्तिबेमि ॥ ११ ॥ इति सीतोसणीय अज्झयणस्स चउत्थो उ-
द्देसो इति सीतोसणीया णाम चउत्थ मज्झयण सम्मत्तं •

संपूर्ण हुआ इसमें मुनि को संयम का उपदेश करा यह सम्यक्त्व से होता है इसलिये आगे सम्यक्त्व का स्वरूप बतानेवाला चतुर्थ अध्ययन कहते हैं + + +

# अथ सम्यक्त्वनामकं चतुर्थमध्ययनम्

मे० अब मे० कहता हूं मे० जो अ० भूतकाल के, मे० जो प्रत्युत्पन्नकाल के, मे० जो आ० भविष्य कालके अ० अरिहंत भ० भगवन्त ते० वे स० सर्व ए० ऐसा आ० फरमाते हैं, ए० ऐसा भा० बोलते हैं, ए० ऐसा प० प्रतिपादन करते हैं ए० ऐसा प० प्ररूपते हैं स० सर्व पा० प्राणी स० सर्व भू० भूत स० सर्व भी जीव स० सर्व स० सत्व ण० नहीं ह० मारना ण० नहीं अ० ताडना ण० नहीं घा० घात करना ण०

से बेमि—जेय अतीता, जेय पडुप्पन्ना, जेय आगमिस्सा, अरहंता भगवंतो, ते सव्वेवि एव—माइक्खंति, एव भासंति, एव पण्णवंति, एव परूवेंति—सव्वे पाणा, सव्वे भूया, सव्वे जीवा, सव्वे सत्ता, ण हंतव्वा, ण अज्जावेयव्वा, ण परिघेतव्वा, ण परि

अहो जम्बू मैं कहता हूं कि गतकालमें जो अनंत तीर्थंकर हुवे हैं, वर्तमानकालमें बीस विहरमान तीर्थंकर हैं, और आगामी काल में अनंत तीर्थंकर होवेंगे वे सब अरिहंत भगवान ऐसा कहते हैं, ऐसा बोलते हैं, ऐसा बताते हैं, और ऐसा प्ररूपते हैं; कि बेइन्द्रियादि सर्व प्राणी, वनस्पत्यादि सर्व भूत पंचेन्द्रिया-

नहीं प० परिताप देना क० नहीं कि० किलामना देना उ० नहीं उ० उद्वेग उपजाना ए० यह ध० धर्म सु० शुद्ध णि० नित्य सा० शाश्वत स० लोक के दुःख को देख करके खे० खेदज्ञने प० फरमाया है तं० यह ज० यथा—उ० सावधान को अ० असावधान को, उ० दण्ड से निवर्ते को, अ० दण्ड से नहीं निवर्ते को, सो० सोपाधि को अ० निरुपाधी को, सं० समोगी को, अ० असजोगी को त० तथ्य इ० यह त० वैसा अ०

तावेयव्वा, ण किलामेयव्वा, ण उद्दवेयव्वा एस धम्मे सुद्धे, णितिए, सासए, समे च लोय खेयण्णेहिं पवेतिते—तंजहा उट्ठिएसुवा, अणुट्ठियसुवा, उवरयदंडेसुवा, अणुवरयदंडेसुवा, सोवहिएसुवा, अणोवहिएसुवा, सजोगेसुवा, असंजोगेसुवा, तच्च चेय तहाचेयं, अस्सिं चेयं पवुच्चइ ॥ १ ॥ त आइत्तु ण णिहे ण णिक्खित्तए जाणितु धम्म

दि सर्व जीव तथा पृथिव्यादि सर्व सत्व को मारना नहीं, ताडना नहीं, घात करना नहीं, परीताप उपजाना नहीं, किलामना देनी नहीं, तथा शरीर से प्राणों का व्यवच्छेद करना नहीं यही धर्म शुद्ध है, सनातन है, शाश्वत है ऐसा श्री सर्वलोक के जीवों के दुःख को जानने वाले श्री सर्वज्ञ महावीरप्रभु का फरमान है यह कथन किसके लिये किया है, सो बताते हैं जो धर्मकार्य करनेको सावधान हुवे हैं, या अभी भी प्रमादी पड़े हैं, जो सावधान होकर के पापके त्यागी बने हैं, या अभी त्याग नहीं किया, जो बाह्याभ्यन्तर सर्व उपाधि रहित हुवे हैं, या उपाधि सहित हैं, जो त्यागी हुवे, या न हुवे, इत्यादि सब प्राणियों के लिये उपर्युक्त

इस में ही वे० निश्चय प० कहागया है ॥ १ ॥ से उसे आ० आदरकर ण० नहीं णि छिपावे ण० नहीं णि० छोडे जा० जानकर ध० धर्म ज० यथातथ्य ॥ २ ॥ दे० देख के णि० वैराग में ग० चले णो० नहीं ए० लोकानुगत च० चले, ज० जिस को ण० नहीं इ० यह पा० ज्ञाति अ अन्य व० उस को क हां से होवे ॥ ३ ॥ दि० देखा सु० सुना म० माना, वि० जाणा अं० जो प० पर प० कही ॥ ४ ॥ स गृह होता प० लेपाता पु० वारम्वार जा० जाति में प० परिभ्रमण करे ॥ ५ ॥ अ० दिन को रा०

जहातहा ॥ २ ॥ दिठेहिं णिव्वेय गच्छेज्जा णो लोगस्सेसणं चरे ॥ जस्स णात्थि इमा णाति । अण्णा तस्स कओसिया ॥ १ ॥ ३ ॥ दिट्ठ, सुय, मय, विन्नाय, जमेयं परिकहिज्जइ ॥ ४ ॥ समेमाणा पलेमाणा पुणो पुणो जातिं पकप्पंति ॥ ५ ॥ अहो

धर्म यथातथ्य है सब प्रकार यह है, और इसभिनप्रवचन में यही धर्म कहा हुवा है ॥ १ ॥ ऐसा परम पवित्र धर्म को अंगीकार करने में प्रमाद नहीं करना और ग्रहण किये बाद प्राण जाने पर छोडना नहीं ॥ २ ॥ दुनिया के रंग राग में मोहित नहीं होते हुवे वैराग्य को धारण करना दुनिया की देखा देखी नहीं करना जिसको लोक की देखा देखी नहीं है, उसको अन्य आरंभ की प्रवृत्ति कहांसे होवे अर्थात् नहीं होवे ॥ ३॥ अहो प्रभु ! जो मैं करता हूं यह मेरा देखा हुवा है, सुना हुवा है, माना हुवा है, और अनुभव किया हुवा है ॥ ४ ॥ जो संसार में आसक्त बनकर फसे रहते हैं वे संसार में वारंवार परिभ्रमण करते हैं ॥ ५॥

रात्रि को ज ''यत्ना करता धी० धीर स० सदा आ० आगत प० प्रज्ञा प प्रमादी ब बाहिर पा देखे अ० अप्रमादी स० सदा प० पराक्रम करे चि० एमा वे० कहता हूं ॥ ९ ॥ ✿ ✿

जे० जो आ० आश्रव ते० वे प अनाश्रव, जे० जो प० अ'ाश्रव ते० वे आ आश्रव जे० जो अ० अनाश्रव ते० वे अ अनाश्रव ही ज० जो आ० आश्रव ते० वे आ० आश्रव ही ॥१॥ ए० इस प० पद को स०

य राओय जयमाणे धीरे सया आगयपण्णाणे पमत्ते बहिया पास । अप्पमत्ते सया परिक्कमिज्जासि—त्तिबेमि ॥ ९ ॥ इति सम्मत्त ज्झयणस्स पढमोद्देसो •

जे आसवा ते परिस्सवा । जे परिस्सवा ते आसवा ॥ जे अणासवा ते अपरिस्सवा, । जे अपरिस्सवा ते अणासवा ॥ १ ॥ एते पए संबुज्झमाण लोयंच आणा

इस लिये तत्त्वदर्शी धीर पुरुषों को प्रमादियों को धर्म से विमुख जानकर रात्रि दिवस उद्यमी बनकर सावधानपने वर्तना ऐसा मैं कहता हूं इति सम्यक्त्व नामक चतुर्थ अध्ययन का प्रथम उद्देशा पूर्ण हुआ

अब अन्यमत का निराकरण करते हैं + + ×

जो कर्मबन्ध करने के कारणभूत क्रियादि होते हैं, वे वैरागीपुरुषों को कर्मबन्ध से मुक्त कराने वाले होते हैं नमीराजर्षिवत् और जो कर्मबन्ध से मुक्त के कारण साधु आदि हैं वे मिथ्यात्वियों को कर्म के कारण होजाते हैं पालक प्रधान वत् तथा जो धर्मस्थान हैं वे किसि को निर्जराका स्थान नहीं भी होते हैं कुंडरिकवत् और जो निर्जराका स्थान नहीं है, वहां पर धर्म भी होजाता है एलायची कुमारवत् ॥ १ ।

समझनेवाला लो० लोक को आ० आज्ञा से अ० सम्यक् मानकर पु० अलग २ प० कहा ॥ २ ॥ अ० फ
रमाते हैं, णा० ज्ञानी इ० यहां पा० मनुष्यों को सं० संसारप्रतिपन्न को सं० समझनेवाले को वि० बुद्धि
वान को अ० आर्तवंत सं० धर्म समाचरे अ० अथवा प० प्रमादी अ० यथातथ्य इ० यह त्ति० ऐसा बे०
कहता हूं ॥ ३ ॥ न० नहीं अ० अनागम म० मृत्युमुखका अ० है, इ० स्वेच्छाचारी व० असंयमी
का० कालप्रसित णि० सपुर णि० सल्लालीन पु० अलग २ जा० जाति में प० फिरते हैं (अन्य आ

ए अभिसमेच्चा पुढो य पवेदितं ॥ २ ॥ अग्घाति णाणी इह माणवाणं संसार पडिव
न्नाणं संबुज्झमाणाणं विण्णाणपत्ताणं अट्टाविसंता अदुवा पमत्ता अहासच्चमिणं त्ति-
बेमि ॥ ३ ॥ नाणागमो मच्चुमुहस्स अत्थि इच्छापणीया वंकाणिकेया कालग्ग
हिआ णिचये णिविट्ठा पुढो पुढो जाई पकप्पति (पाठान्तरे)—इत्थ मोहे पुणो पुणो

रक्त पदों को समझनेवाले तीर्थंकर के कथनानुसार जगत् जन्तुओं को कर्मों से बचाते हुए देखकर धर्म के
लिये क्यों उद्यमी नहीं बनेंगे ॥ २ ॥ ज्ञानी महात्मा संसार में रहे हुवे सरलबोधी विद्वान प्राणीयों को इस
तरह से बोध करते हैं कि जिससे वे आर्तध्यान से व्याकुल और प्रमाद से प्रसित होते हुवे भी धर्माचरण
करलेते हैं, यह बात सत्य है ॥ ३ ॥ मृत्यु के मुख में रहे हुवे प्राणी को मृत्यु प्रसित नहीं करे ऐसाको कदा
पि होने का नहीं है तथापि मायारूपी पाप में फसे हुवे असंयमी प्राणी काल के मुख में रहते हुवे भी

वार्यकथन) इ यह मो० मोर पु पुनः २ ॥४॥ इ० यहां ए० कितनेक को त वहां २ सं परिचय भ० होता है भ० नीचगति में वा० उत्पन्न होवे हुवे फा० स्पर्श सं० वेदते हैं ॥ ५ ॥ चि० अति कू० खोटे क कर्म से चि० अति प दुःखदाइ स्थान में चि रहते है, अ० न रहे कू कुकर्म में णो० नहीं चि० अति प० दुःख स्थान में रहते हैं ॥६॥ ए कितनेक व० कहते हैं अ० अथवा पि णा० ज्ञानी, णा० ज्ञानी व करते हैं अ० अथवा पि० ए० एक ॥ ७ ॥ आ० यावंतः के० कितनेक लो० लोक में स० साधु मा०

॥ ४ ॥ इह मेगेसिं तत्थ तत्थ संथवो भवति अहोववाइए, फासे पडिसंवेदयंति ॥ ५ ॥ चिट्ठं कूरेहिं कम्मेहिं चिट्ठ परिविचिट्ठति, अचिट्ठं कूरेहिं कम्मेहिं णो चिट्ठं परिविचिट्ठति ॥ ६ ॥ एगे वयंति अदुवावि णाणी, णाणी वयंति अदुवावि एगे ॥ ॥ ७ ॥ आवंति केआवंति लोयंसि समणाय माहणाय पुढो विवाद वदंति से

भारम में तल्लासीन बन रहे हैं और एकेन्द्रियादि अनेक जाति में परिभ्रमण करते हैं ॥ ४ ॥ कितनेक जीवों को नारकी के दुःख का परिचय होता है, इस लिये वे वैसेही कर्मों कर उसीही स्थान में उत्पन्न हो कर दुःख भोगते हैं ॥ ५ ॥ जो जीव अती ही क्रूर कर्म करते हैं, वे आतेही दुःखस्थान में रहते हैं और जो अति क्रूर कर्म नहीं करते हैं, वे ऐसे दुःख स्थान में ज्यादा नहीं रहते है ॥ ६ ॥ जैसा श्रुत केवली उपदेश देते हैं, वैसाही केवल ज्ञानी उपदेश देते हैं और जैसा केवल ज्ञानी उपदेश देते हैं वैसाही श्रुत केवली उपदेश देते हैं, ॥ ७ ॥ इस जगत् में कितनेक साधु ब्राह्मण धर्म विरुद्ध बकते हैं; और कहते हैं कि

दो० दोष अ० अनार्यों के व० वचन मे० यह ॥९॥ व० हम पु० और ए० ऐसा भा० कहते हैं ए० ऐसा भा० भाषते हैं, ए० ऐसा प० प्ररूपते हैं, ए० ऐसा प० प्रगट करते हैं कि—स० सर्व प्राणी, स० सर्वभूत स० सर्व जीव स० सर्व सत्व, ण० न मारना, न० परवश करना, ण० न किलामना देना ण० न घात करना ण० न परिताप उपजाना ण० न उद्वेग उपजाना ए० इस में ही आ० जानो ण० नहीं है दो० दोष अ० आर्यों के व० वचन मे० यह ॥ १० ॥ पु० पहिले नि० उपास कर स मतान्तरों को प० मस्ये

ण—मेय ॥ ९ ॥ वयं पुण एव—माइक्खामो, एवं भासामो, एवं परूवेमो, एवं प भवेमो सव्वे पाणा, सव्वे भूया, सव्वे जीवा, सव्वे सत्ता, णहंतव्वा, णअज्जावेत-व्वा, ण किलामेअव्वा ण परिघेतव्वा, ण परियावेयव्वा, ण उद्वेयव्वा, एत्थवि जाणह णत्थित्थ दोसो—आरियवयण—मेयं ॥ १० ॥ पुव्वं निकाय समय पत्तेयं पत्तेयं पु-

नहीं है यह वचन अनार्य का है ॥ ९ ॥ और हम ऐसा कहते हैं ऐसा बोलते हैं, ऐसा प्ररूपते हैं कि किसी जीव को किसीभी प्रयोजन से मारना नहीं, दुःख देना नहीं, सताप उपजाना नहीं, किलामना देनी नहीं, जीव से शरीर पृथक् करना नहीं, इस में ही दोष नहीं है, और यही आर्यों का वचन है ॥ १० ॥ संसार भ्रमण अनन्तकी बोधप्राप्त देखकर प्रत्येक २ वादीयोंको हम पूछते हैं, कि अहो वादीयों तुम साता

क २ को पु० पूछते हैं इ० हम भो० अहो पा० परवादीयों ! किं० क्या मे० तुम को सा० साताको दु दुःख उ० कहते हो अ असाता को ? स सत्त के प्र प्रतिपक्षीयों भी ए० ऐसा बू० बोले स सर्व प्राणी० स० सर्व भूतों,स० सर्व जीवों स० सर्व सत्वों को अ०असाता अ० अप्रिय म० महाभय म० महा दुःख होवा है वि० ऐसा वे० कहता हूं ॥ ११ ॥ इ० ऐसा स० सम्यक्त्व अ० अध्ययन बी० दूसरा उ० उद्देशा ॥

उ० उपेक्षा कर ए० इन की बा० बाहिर के लो० लोक की से० वे स० सब लो० लोकमे जे० जो

च्छिस्सामो, ह भो पावाउया किं भे साय दुक्खं उदाहु असाय? समिया पडिव ज्ञेयावि एव बूया—सव्वेसिं पाणाणं, सव्वेसिं भूयाण, सव्वेसिं जीवाणं, सव्वेसिं स त्ताण, असायं अपरिणिव्वाणं महब्भयं दुक्खं त्तिबेमि ॥ ११ ॥ इति सम्मत्त ज्झ यणस्सबीओ देसो

* * *

उवेहेण बहियाय लोय से सव्व लोयसि जे केइ विन्नु ॥ १ ॥ अणुवीइ पास-

को दुःख कहते हो कि असाता को ? तब परवादी उत्तर देते हैं, कि सर्व प्राणी, सर्व भूत, सर्व जीव, सर्व सत्व को असाता अप्रिय है, महाभय का और दुःख का कारण है, ऐसा मैं तीर्थंकर की आज्ञानुसार कहता हूं ॥ ११ ॥ इति सम्यक्त्वाख्य चतुर्थ अध्ययन का द्वितीय उद्देशा पूर्ण हुआ आगे तप अनुष्ठान करते हैं

धर्म से विरुद्ध चलने वाले पाखण्डियों के तरफ लक्ष मतदो और इस तरह चलने वाले को विद्वान कहते

के• कोइ त्रि० विज्ञान ॥ १ ॥ अ० विचारकर ए० इन की पा० देख णि० छोडा दं० दंड जे० जो के० कोइ स• प्राणी क० कर्म प० छोडते हैं ण० मनुष्य मु० शरीर का ममत्व रहित प० धर्म त्रि० ऐसा सरल आ० आरंभ से उत्पन्न हुवा दु• दुःख णा० जाणकर ए ऐसे मा० कहा स० सम्यग्दर्शी ॥ २ ॥ ते० वे स० सर्व प• प्रवादीक दु• दुःख में कु० होश्यार प• परिज्ञा को मु० कहते हैं इ० ऐसा क० कर्म को प• जानकर स० सर्वतः ॥ ३ ॥ इ० यहां अ• आज्ञा इच्छक प० पण्डित अ० वे अस्नेही ए० एक

णिक्खित्त दंडा जे केइ सत्ता पलियं चयाति, णरे मुयच्चा, धम्मविदुत्ति अजू आ

रमजं दुक्खमिणन्ति णच्चा एवं माहु समत्तदंसिणो ॥ २ ॥ ते सव्व, पावादिया

दुक्खस्स कुसला परिन्नं मुदाहरंति इति कम्म परिण्णाय सव्वसो ॥ ३ ॥ इह आ

हैं ॥ १ ॥ अहो भव्य ! तू विचार कर देख कि जो आरंभ को दुःख का कारण जानकर त्याग करते हैं, और शरीर की किंचिन्मात्र दरकार नहीं रखते हुवे धर्म परायण तथा सरल स्वभावी बनकर कर्म तोडते हैं वेही सच्चे सम्यग्दर्शी हैं, ॥ २ ॥ दुःख क्षय करने का उपाय जानने में कुशल सर्व प्रवादी तीर्थंकर गणधरादिक ज्ञपरिज्ञा व प्रत्याख्यान परिज्ञा करते हैं कि ये सब बंध के कारण सर्वथा प्रकार त्यागना चाहिये ॥ ३ ॥ इस जगत् में जिनाज्ञा के इच्छक पण्डित मन और पवित्र अपनी आत्मा को अकेली मान शरीर को

आत्मा म० अपनी से देखकर पु० आप स० शरीर को क० कृश करे अ० आत्मा को ज० जीर्ण करे अ० आत्मा को ॥ ४ ॥ ज० जैसे जु० पुराने क० लकड़ को ह० अग्नि प० जलावे, ए० ऐसे आ० आत्मा स० समभावी अ० अस्नेह ॥ ५ ॥ वि० दूर करे को० क्रोध को अ० अकम्प रहवे इ० यह थि० थोडा आयुष्य स० उसे देखकर ॥ ६ ॥ दु० दुःख को जा० जान अ० अथवा आ० आगामी पु० अलग२

णाकस्सी पहिए आणिह एग—मप्पाणं सपेहाए धुणे सरीर, कसेहि अप्पाण जरेहि अप्पाणं ॥ ४ ॥ जहा जुन्नाइ कट्ठाइ हव्ववाहो पमत्थाति, एव अत्तसमाहिते अणिहे ॥ ५ ॥ विगिंच कोहं अविकंपमाणे इम णिरुद्धाउय संपेहाए ॥ ६ ॥ दुक्खंच जाण अदुवागामिस पुढो फासाईंच फासे, लोयं च पास विप्फंदमाण-

तप से कृश दुर्बल कर इसलिये अहो मुनि! तप से शरीर को दुर्बल करो जीर्ण करो ॥ ४ ॥ जैसे अग्नि पुराणा काष्ट को जल्दी जलाती है, वैसे ही स्नेही समभावी कर्मों का नाश शीघ्रही करते हैं ॥ ५ ॥ अहो मुनि! मनुष्य जन्म का आयुष्य अल्प है और इसमें भी आयुष्य प्रतिदिन कमी हो रहा है, ऐसा देखकर हिम्मत धारन कर क्रोध रुप शत्रु का नाश कर ॥ ६ ॥ क्रोधी पुरुष जिस प्रकार दुःख भोगव रहा है, और आगे को दुःख भोगवेगा, इस को जानकर क्रोध का नाश कर यदि त्याग नहीं किया तो आगे दुःख

फा० स्पर्श को फा० स्पर्श करे लो० लोक को पा० देख वि० परवश परेहुवे ॥ ७ ॥ जे० जो णि० निवर्ते पा० पापकर्म से अ० अति सुखी ( नियाणारहित ) ते० वे वि० कहलाये हैं ॥ ८ ॥ त० इस लिये वि० विद्वान णो० नहीं प० मले णि० ऐसा बे० कहता हूं ॥ ९ ॥ + +

अ० दमनकरे प० विशेष दमनकरे ज० छोड के पु० पूर्व संयोग हि० आदरकर उ० उपशम ॥ १ ॥ त० इस

॥ ७ ॥ जे णिव्वुडा पावेहिं कम्मेहिं अणियाणा ते वियाहिया ॥ ८ ॥ तम्हा तिवि

ज्जो णो पडिसंजलिज्जासि त्तिबेमि ॥ ९ ॥ इति सम्मत्त ज्झयणस्स-तइओद्देसो सम्मत्तो

आवीलए पवीलए णिप्पीलए जहित्ता पुव्वसंजोगं हिच्चा उवसमं ॥ १ ॥ तम्हा

भोगना पडेगा क्रोधादिक से लोक कैसे आकुल व्याकुल हो रहे हैं उसको देख ॥ ७ ॥ जो पाप कर्म से निवर्ते हैं, वे नियाणा रहित व अति सुखी कहाये हैं, ॥ ८ उक्त दोनो बातों को तपास कर बुद्धिमान का कर्तव्य है, कि कदापि किसीपे क्रोध नहीं करे ऐसा मैं कहता हूं इति सम्यक्त्वाख्य चतुर्थ अध्ययन का तृतीय उद्देशा पूर्ण हुवा आगे संयम में स्थित रहने का बोध करते हैं * *

साधु प्रथम सांसारिक प्रवृत्ति से निवृत्त होकरके उपशम युक्त प्रथम कम फिर विशेष ऐसे अनुक्रम से तप की वृद्धि करते हुवे शरीर का दमन करे ॥ १ ॥ इसलिये प्रश्न मन युक्त वीर मुनी बालता से अनुराग

लिये अ० दुर्मन रहित अविमन वी० वीर सा० स्वारवः (संयम अनुष्ठान में रहा हुआ) स समिती स सहित स० सदा ज यत्नवंत ॥ २ ॥ दु दुष्कर आचरने म० मार्ग वी० वीरों का अ० मोक्षगामी ॥ ३ ॥ वि० सूकावे मं० मांस सो० सोही ए० यह पु० पुरुष द० मोक्षार्थी वी० वीर आ० आदरणीय वि० कहे जे० जो धु० दूरकरे स० शरीर व० रहकर बं० ब्रह्मचर्य में ॥ ४ ॥ णे० नेत्र से प० विषय ग्रहण करनेवाले आ० कर्मादानरू श्रोतेन्द्रिय में ग० गृद्ध बा० अज्ञानी अ० छेदे नहीं ब० बन्धन अ०

अविमणे वीरे सारए समिए सहिते सयाजए ॥ २ ॥ दुरणुचरो मग्गो वीराण अ-
णियट्टगामीणं ॥ ३ ॥ विगिंच मंससोणियं एस पुरिसे दविए वीरे आयाणिज्जे वि
याहिए जे धुणाति समुस्सयं वसिता बंभचेरमि ॥ ४ ॥ णेत्तेहिं पलिछिन्नेहिं आयाण
सोयगढिए बाले अव्वोच्छिन्नबंधणे अणभिक्कंत संजोए तमसि अविजाणओ आणाए

युक्त तथा समिति आदि गुणों सहित रहना ॥२॥ मुक्ति प्राप्त करने वाले वीर पुरुषों का मार्ग बहुत ही कठिन है ॥३॥ अहो मुमुक्षु ! तू तेरा शरीर, रक्त, मांस तपश्चर्या से शुष्क कर क्योंकि जो ब्रह्मचर्य में सदैव स्थित रह कर तपश्चर्या से शरीर को दमन करता है वही पुरुष मुक्ति गमन योग्य होने से माननीय कहाया है, ॥ ४ ॥ जो पहिले भोगों को त्याग कर पीछे मोहोदय होने से नेत्रादि इन्द्रियों में आसक्त होते हैं, वे अज्ञानी किसी बन्धनसे मुक्त नहीं हैं ऐसे मनुष्य को जिनेश्वर भगवान की आज्ञाका लाभ प्राप्त नहीं होता है

छोडे नहीं सं० संजोग त० भ प्रकार में अ० आन अ० आज्ञा का ले० लाभ ण० नहीं चि० ऐसा वे० करता है ॥ ५ ॥ जि० जिसको ण० नहीं पु० पहिले प० पीछे म० बीच में त० उस को कु० क्या सि० कराय ॥ ६ ॥ से० व हु० निश्चय प० प्रज्ञावन्त बु० बुद्धिवत आ० आरम से निवर्ते स० सम्यक् प० इन को पा० जैसो ज० जिस से व० बधन व० वध घो रौद्र प० परिताप च० और दा० दारुण ॥ ७ ॥ प० छोडकर बा० बाहिर के च० निश्चय सो० स्रोत णि० निष्कर्मदर्शी इ० यहां म० मनुष्यभव में ॥ ८ ॥

लभो णत्थि त्तिवेमि ॥ ५ ॥ जस्स णत्थि पुरा पच्छा मज्झे तस्स कुओसिया ॥ ६ ॥

से हु पन्नाणमते बुद्धे आरभोवरए सम्ममेयंति पासह, जेण बध, वह, घोर, परिताय

च दारुण ॥ ७ ॥ पलिछिंदिय बाहिरग च सोय णिकम्मदसी इह मच्चिएहिं ॥ ८ ॥

ऐसा मैं कहता हूं ॥ ५ ॥ जिसको पहिले भी ज्ञानादि गुण की प्राप्ति नहीं हुई और पीछे भी नहीं है, तो मध्यभव में कहां से होगी ॥६॥ आरम में बन्ध बधन आदि अनेक दारुण भयकर दुःख की प्राप्ति होती है प्रज्ञावान ज्ञानीजन आरंभ से सदैव दूर रहते हैं इससे वे इसलोक में तथा परलोक में यथार्थ लाभ और सुख के भोक्ता बनते हैं ॥ ७ ॥ अहो मुनि ! इस मनुष्य भव में बाह्य प्रतिबन्ध का छेदन कर, आरम को छो ड, मोक्ष तरफ मन रखना चाहिये ॥ ८ ॥ कृत कर्म के फल अवश्यही प्राप्त होते हैं ऐसा जान सबको कर्म

क कर्म के स० सफल द० देख त० उस से णि० निवर्ते वे तस्मा ॥ ९ ॥ जे० जो स० निश्चय भो० अहो धी धीर स समितीवंत स० ज्ञानादि सहित स० सदा यत्नी स० निरंतर द० दर्शी आ० पापते निवर्ते अ० यथातथ्य लो० लोक मु० देखते पा० पूर्व प० पश्चिम दा० दक्षिण उ० उत्तर इ० ऐसा स सत्य में प० अति व्यवस्थित रहे ॥१०॥ सा० हम कहेंगे णा० ज्ञान धी वीर का स० समितिवंत का स० ज्ञानादि सहित का स सदायत्नीका स० सदादर्शी का अ० पाप से निवर्तने वाले का आत्मयती अ० यथा

कम्मुणो सफलत दहु तओ णिज्जति वेयवी ॥ ९॥ जे खलु भो वीरा, समिता, सहि-
ता, सयाजता सघडदसिणो, आतोवरया अहातहा लोग मुवेहमाणा पाईण, पडीण
दाहिणं, उदीण इति सच्चसि परिविचिट्ठिसु॥१०॥साहिस्सामो णाण वीराणं, समिताणं, स

पच के हेतुओं से सदैव दूर रहते हैं, ॥ ९ ॥ जो महात्मा सचे पराक्रमी, सत्यवृत्ति से वर्तनेवाले, ज्ञानादि गुणों में रमनेवाले, सदैव उपमी, कल्याण की तरफ द्रढ लक्ष्य रखने वाले, पाप से निवर्तने वाले तथा यथार्थ पने लोक को देखने वालेथे वे पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, तथा उत्तर ये चारों दिशाओं में रहते हुवे भी सत्य के ही धारी थे ॥ १० ॥ ऐसे गुणों से युक्त सत्पुरुषों का अभिप्राय मैं कहता हूं, कि तत्वदर्शीयों को किसी प्रकार की उपाधि नहीं है इति सम्यक्त्वाख्य चतुर्थ अध्ययन समाप्त हुआ जो सम्यक्त्वधारी होवेंगे वे

तथ्य मो लोक मु० देखनेवाले का कि० क्या है उ० उपाधी पा० केवली को न० नहीं है ण० नहीं है त्ति० ऐसा मैं कहता हूं ॥ ११॥ इ० ऐसा स० सम्यक्त्व अध्ययन स० सपूर्ण

हियाणं सयाजताण सघडदसीणं, आतोवरयाण, अहातहा लोग मुवेहमाणाणं किमत्थि उवाधि पासगस्स? णविज्जति णत्थि त्तिबेमि ॥११॥ इति सम्मत्त ज्झयणस्स चउत्थोदेसो सम्मत्तो इति सम्मत्त णाम चउत्थ मज्झयणं सम्मत्तं

चारित्र अंगीकार कर सकेंगे इसलिये चारित्र के कथन रूप लोकसार नामक पंचम अध्ययन कहता हूं

# आवंती नाम्ना प्रसिद्ध लोकसार नामकं पंचम मध्ययनम्

आ० जितने के० कितनेक लो० लोक में वि० हिंसा करते हैं अ०अर्थे अण निरर्थक वा० या ए० इतने में वे० निश्चय वि० उत्पन्न होते हैं ग० भारी से० उन को का० काम भोग त० तब से० वे मा० मृत्यु के मं० बीचमें ज० अब से० वे मा० मृत्यु के मं बीच में त० तब से० वे दू दूर णे० नहीं से० वे अं० मध्य णे० नहीं स० वे दू० दूर ॥ १ ॥ से० वे पा० देख फु० फूसार जि० जैसा कु० कुशाग्र प० अन्य विंदु भारे से णि० निवर्ते मा० वायु स प्रेरितहो पडे ए० ऐसा बा० अज्ञानी का जी० जीवितव्य मं० मंद

आवंती केयावंती लोयंसि विप्परामुसति अट्ठाए अणट्ठाए वा, एतेसु चेव विप्परा मुसेंति गुरु से कामा तओ से मारस्स अंतो जओ से मारस्स अतो तओ से दूरे णेव स अंतो णेव से दूरे ॥ १ ॥ से पासति फुसिय मिव कुसग्गे पणुन्न णिवतित

जो कोइ लोक में प्रयोजन से या निष्प्रयोजनसे जीवों की घात करते हैं, वे मृत्यु बाद उसीही योनि में उत्पन्न होते हैं जिनको भव भ्रमण करनेकोहै, उनको विषय से मुक्त होने में बहुतही कठिनता मालुम होती है इसही कारण से वे जन्म मरण रूप चक्रमें रहते हैं ऐसा होने से वे मुक्ति पंथसे दूर रहते हैं, इस तरह वे नतो सुख के भोक्ता बन सकते हैं, और न संसार से दूर हो सकते हैं ॥ १ ॥ सम्यग्दर्शी देखते हैं

इनमें मे० निश्चय अ० आरंभ से उपजीवी ए० यहांभी बा० अज्ञानी प० पचतेहुवे र० रमते हैं पा० पाप कर्म में अ० असरण को स० शरण इ० ऐसा मानते हुवे ॥ ८ ॥ इ० यहां मे० कितनेक ए० एकलविहारी भ० होते हैं, से० वे ब० बहुत क्रोधी, ब बहुत मानी, ब० बहुत मायावी, ब० बहुत लोभी, ब० बहुत रोगी, ब० बहुत धूर्त, ब० बहुत दुष्ट परिणामी आ० आश्रववाला, प कर्माच्छादित, उ० सावधान हो प० करते हैं "मा० मुझे के० कोइ अ० देखे" अ० अज्ञान प० प्रमादी दो० दोष से: मू० मूर्ख ध० धर्म णा० नहीं जा० जानता है ॥ ९ ॥ अ० आर्त प० प्रजा मा० मनुष्य क० कर्म बंध में को० प्रवीण जे० जो अ० नि

आरंभजीवी एत्थवि बाले परिपच्चमाणे रमति पावेहिं कम्मेहिं असरणं सरणत्ति म ण्णमाणे ॥ ८ ॥ इह मेगेसिं एगचरिया भवति । से बहुकोहे, बहुमाणे, बहुमाए, बहुलोहे, बहुरए, बहुनडे, बहुसढे, बहुसकप्पे, आसवसक्की, पलिओच्छन्ने, उट्ठियवायं पव्व यमाणे "मा मे केइ अदक्खू" अन्नाणपमाय दोसेण सततं मूढे धम्मं णाभिजाणति॥९।

चरण करते हैं ॥ ८ ॥ कितनेक साधु एकल विहारी होजाते हैं, वे बहुत क्रोधी, बहुत मानी, मायावी, लालची, पापीष्ट, रोगी, धूर्त, दुष्ट परिणामी, हिंसक और कुकर्मी होतेहुवे कहते हैं, कि हम आध्यात्मी धर्म दीपक हैं एसा मिथ्याप्रकाश करनेवाले अपने पाप छिपाते हैं, कि इसेने मुझे कोइ देखलेवे एसे रहते हुवे पनिम्ने विचरते हैं वे अज्ञान व प्रमाद से मूढ बन कर धर्म में कुच्छभी नहीं समझते हैं ॥ ९ ॥ अहो मनुष्यों ! विषय कषाय से पीडित जीवों कर्मबन्ध करने में कुशल पापानुष्ठान के अभिमुख

वर्ते नहीं अ० अयुक्ति प संसार को मोक्ष मा करे मा० भ्रमण म करते हैं त्ति ऐसा बे० कहता हूं॥१०॥

मा० यावंतः के० कितनेक लो० लोक में अ अनारंभ जीवी ए० इस में म० अनारंभ जीवी ॥ १ ॥
ए० इस से वय० निवर्तनेवाला सं० उसे झो० क्षय करनेवाला अ यह सं० सन्धि है ति० इति

अट्टास्स्या माणवा? कम्म कोविया जे अणुवरया अविज्जाए पलिमोक्खमाहु आवट्टमेव

मणुपरियट्टंति त्तिवेमि, इति—लोगसार ज्झयणस्स पढमोद्देसो ॥ १० ॥ *

आवंति केआवंति लोयसी अणारमजीवी एतेसु चेव मणारमजीवी ॥ १ ॥ एत्थो

अज्ञान से मोक्ष मानने वाले, अरहट घटिका के न्याय संसार में परिभ्रमण करते हैं ऐसा मैं कहता हूं ॥१०॥
यह पांचवा अलोकसार नामक अध्ययनका प्रथम उद्देशा पूर्ण हुवा आगे हिंसा से निवर्तने वाले ही साधु
होते हैं; ऐसा मैं कहता हूं + × +

इस जगत् में जो आरंभ के त्यागी साधु हैं वे गृहस्थ केलिये ,निपजाया हुआ निर्दोष आहार लेकर अना
रंभपने से रहते हैं, ॥ १ ॥ जो सावद्यानुष्टान का त्याग करते हैं वेही साधु कहे जाते हैं और सावद्या
नुष्टान का त्याग आर्य क्षेत्र, उत्तम कुलमें जन्म, शुद्ध श्रद्धा इत्यादि अवसर प्राप्त होने से होता है इसलिये
जिन साधु को ऐसा अवसर प्राप्त हुवा है वे सर्व प्रमाद का त्याग कर, शरीर को अशुचि का भंडार जान

अ० देख जे० जो इ० इस वि० शरीरका अ० यह ख० अवसर है ऐसा म० मान कर ॥ २ ॥ ए० यह म० मार्ग आ० आर्यों ने प० फरमाया उ० सावधान हो णो० नहीं प्रमाद करे जा० मानकर दु० दुःख प० प्र त्येक को सा० साता ॥ ३ ॥ पु० अलग २ छ० छान्दे इ० यहां मा० मनुष्यों के पु० अलग २ दु० दुःख प० कहा से० वे अ० अहिंसक हो अ० अमृषावादी हो पु० अलग २ फा० स्पर्श वि० सहन करे ए० यह स० सम्यक् प० पर्याय वि० कही ॥ ४ ॥ जे० जो अ० अगृद्ध पा० पापकर्म से उ० कहा ते० वह आ०

वरए तङ्कोसमाणे अय संधीत्ति "अदक्खू" जे इमस्स विग्गहस्स अयं खणेत्ति मन्नेसी॥२॥

एस मग्गे आरिएहिं पवेदिते उट्ठितो णो पमायए जाणि—त्तु दुक्खं पत्तेय सायं ॥ ३ ॥

पुढो छंदा इह माणवा । पुढो दुक्खं पवेदितं से अविहिंसमाणे अणवयमाणे पुट्ठो-

फासे विप्पणोल्लए एस समियापरियाए वियाहिते ॥ ४ ॥ जे असत्ता पावेहिं क

रर तथा क्षण २ में इस की पर्याय पलटती हुइ देखकर तप संयम में शरीर को झोंस देवे ॥ २ ॥ यह मार्ग तीर्थंकरों ने फरमाया है इसलिये सुख दुःख की भांति प्रत्येक को अलग २ होवी है ऐसा मान दीक्षित को प्रमाद नहीं करना चाहिये ॥ ३ ॥ इस संसार में मनुष्य के आशय व दुःख पृथक् २ हैं; इसलिये किसी की घात नहीं करना, असत्य नहीं बोलना, तथा आये हुए परीसहों को सम्यक् भावे सहन करना यही साधु प्रशंसनीय कहाया गया है ॥ ४ ॥ जो पाप में नहीं प्रवर्तते हैं उनपर भी कदाचित कर्मोदय से रोगोत्पत्ति

रोग ५ दुमे ६ ऐसे उ० करा पी० पीर फा० स्पर्श हि० सहन कर ॥ ॥ से० ये पु० पहिले छाडे प० पीछे छाडे भि० विसरने का धर्म वि विध्वंस धर्म अ० अध्रुव अ आनित्य अ० अशाश्वत च चयो पचय वि० विनाशिक धर्म, पा० देखो ए० इस का रु० रूप सं० सन्धि ॥ ६ ॥ स विचारकरनेवाले को ए० ज्ञानादि गुण में रमनेवाले को वि० कर्म से मुक्त होनेवाले को ण० नहीं म० मार्ग वि० व्रती को इति० ऐसा कहता है ॥ ७ ॥ आ यावंतः के० कितनेक लो लोक में प० परिग्रहवंत से० वे अ० थोरा बा० या

मोहिं उदाहु ते आयका फुसंति इति उदाहु धीरे ते फासे पुट्ठो हियासए ॥ ५ ॥ से पुव्वपेतं पच्छापेत भिउरधम्म, विद्धसणधम्म, अधुव, अणितिय, असासय, चयावचइय विप्परिण्णामधम्म पासह एय रुवसंधिं ॥ ६ ॥ समुप्पेह माणस्स एकायतणरतस्स इह विप्पमुक्कस्स णत्थि मग्गो विरयस्स त्तिबेमि ॥ ७ ॥ आवती

होनाय तो समभाव से सहन करे परन्तु पापाचार नहीं करे एसा तीर्थंकरोंने फरमाया है ॥ ५ ॥ यह शरीर पहिले पिछे एक वार तो अवश्यही छोडना पडेगा यह शरीर क्षण में नष्टवा है, रोगादिसे पीडित होता, वृद्धावस्थासे विरुप होता और अंतमें शव (मुरदा) बन करके भस्मीभूत होजाता है अहो मुनियों! इस शरीर के रूप का और इस अवसर का जरूर ही विचार करो ॥ ६ ॥ सम्यक् प्रकार से देखने वाले को ज्ञानादि गुणों के आयतन ( मोक्ष ) में रमण करने वाले को, कर्म रहित, तथा व्रतधारीयों को नरकादि में परिभ्रमण करने का रास्ता नहीं हैं, ॥ ७ ॥ इस संसार में जिन साधु की पास थोडा बहुत, छोटा बडा,

व बहुत, अ० छोटा थु० बडा चि० सचित अ० अचित प० इतने विष च० निश्चय प० परिग्रहवन्त ॥८॥
ए० यही ए० कितनेक को म० महाभय कर्ता भ० होता है लो० लोकों का आधार उ० उपेक्षासे ॥ ९ ॥
ए० इस के से० संग अ० त्याग करता से० वे सु० अच्छे प्रतिबोधी सु० अच्छे गुणसम्पन्न ऐसा ण० ना
णकर पु० पुरुषों ! प० परम दृष्टि वि० पराक्रमी ए० उस में ही ब० ब्रह्मचर्य चि० ऐसा बे० कहता हूं
॥ १ ॥ से० वे सु० सुना मैंने अ० अनुभवा मैंने, ब० बन्ध और मोक्ष च० निश्चय तु० तेरे अ० अनु

के आवती लोगंसि परिग्गहावंति—से अप्पंवा बहुयंवा, अणुंवा, थूलंवा, चित्तमंतंवा,
अचित्तमंतंवा, एतेसुचेव परिग्गहावंती ॥ ८ ॥ एवमेवेगेसिं महब्भय भवति लोगवि
त्तंच ण उवेहाए ॥ ९ ॥ एसे संगे अविजाणतो से सुपडिबुद्धं सूवणीयंति णच्चा -
पुरिसा! परमचक्खू विप्परिक्कमे । एतेसु चेव बंभचेरं त्तिबेमि ॥ १० ॥ से सुयंमे

सजीव निर्जीव परिग्रह रखे वे परिग्रही ही हैं ॥८॥ यह परिग्रहही कितनेक को नरकादि महाभयका कारण है वैसे
ही लोक का आचार आहार, भय, मैथुन और परिग्रहादि भी महाभय का कारण है इस को ऐसा बुद्ध जान
इनसे सदैव दूर रहना ॥ ९ ॥ परिग्रह के त्यागी साधुओं ही अच्छी तरह प्रति बोध पाकर निकले हुवे होते
हैं परिग्रह त्यागीकोही अच्छी तरह से ज्ञानादि गुणों की प्राप्ति होती है ऐसा मानकर अहो पुरुषों तुम
को समदृष्टी होना क्योंकि निष्परिग्रही और उत्तम गुण वाले सत्पुरुषों में ही ब्रह्मचर्य ( मोक्ष प्राप्ति ) का
गुण होता है ऐसा मैं कहता हूं ॥ १० ॥ अहो जम्बु ! मैंने सुना है, और अनुभव भी किया है, कर्मों से

मन से हो है, ए० इस से वि० निर्वेद अ० साधु दि० दिन को रा रात्रको ति० सहन करे ॥ ११ ॥
प० प्रमत्त व० बाहिर पा देख अ० अप्रमत्त प० प्रवर्ते, ए० यह मो साधु स० सम्यक् अ० पालना चाहिये त्ति० में कहता हूं ॥ १२ ॥ इ० ऐसा लो० लोकसार अ अध्ययन का बी० दूसरा उद्देशा ✽

आ० यावंत' के० कितनेक लो० लोक में अ० अपरिग्रही ए० इस में ही अ० अपरिग्रही सो० सुन के

अज्झत्थचमे, बंधपमोक्खो य तुज्झ अज्झत्थेव, पत्थ विरते अणगारे दीहरायं तिति क्खए ॥ ११ ॥ पमत्ते बहियापास । अप्पमत्तो परिवए ॥ एय मोणं सम्म—अणु वासिज्जासि त्तिबेमि ॥ १२ ॥ इति लोकसार मज्झयणस्स—बीओद्देसो ✽

आवंती केआवती लोयसि अपरिग्गहावंती, एएसु चेव अपरिग्गहावंती सोच्चावइ

मुक्त होना ' यह कार्य अपनी आत्मा से ही होता है इसलिय परिग्रह त्यागी मुनि को जीवन पर्यंत आये हुवे सब संकटों को निश्चल पने सहन करना ॥ ११ ॥ प्रमादीयों को धर्म से पराङ्मुख होते हुए देख साधु को अप्रमत्त पने विचारना ऐसे सम्यक् प्रकार से तीर्थंकर प्रणित संयम की क्रिया को सदैव पालना चाहिये ऐसा मैं कहता हूं ॥ १२ ॥ इति लोकसार नामक पंचम अध्ययनका तृतीय उदेशा पूर्ण हुवा आगे साधु को विषय परिग्रह की इच्छा का त्याग कराते हैं ✽ ✽

इस जगत में जो निष्परिग्रही होते हैं वे तीर्थंकरोंकी वाणी सुन और महात्मा व पंडितोंके वचनोंको अवधारन

मे मयावी प० पण्डित णि० अवधारकर ॥ १ ॥ स० समतासे ध० धर्म आ० आरिहंतने प० फरमाया ज० जिम प्रकार प० मैंने स० सन्धि झो० क्षय करे ए० ऐसे ही अ० अन्यत्र स० सन्धि दु० दुष्कर खपाने में भ० होती है इस लिये बे० कहता हूं णो० नहीं णि० गोपे वी० वीर्य ॥ २ ॥ जे० जो पु० पहिले उठे णो० नहीं प० पीछे पडे, जे० जो पु० पहिले उठे, प० पीछे पडे, जे० जो णो० नहीं पु० प

मेहावी पडियाण णिसामिया ॥ १ ॥ समियाए धम्मे आरिएहिं पवेदित्ते–जहेत्थ मए संधी झोसिए एव–मण्णत्थ संधि दुज्झोसए भवती तम्हा बमि णो णिहणेज्ज वीरियं ॥ २ ॥ जे पुव्वुट्ठाई णो पच्छाणिवाती । जे पुव्वुट्ठाई णो पच्छाणिवाती । जे पुव्वुट्ठाई पच्छाणिवाती, जे णो पुव्वुट्ठाइ णो पच्छाणिवाइ । सेवितारिसए सिया । जे

करके विवेकवन्त धन के सर्व परिग्रह का त्याग करते ही निष्परिग्रही बनते हैं ॥ १ ॥ श्री तीर्थंकर देवने समता में धर्म फरमाया है कि अहो मुमुक्षु ! जिसरीति मे मैंने कर्म क्षय किये हैं, उसीरीति से अन्य स्थान कर्म क्षय करना कठिन है इसलिये मैं कहता हूं, कि मेरा दृष्टांत लेकर अन्य मुमुक्षुओं को अपना पराक्रम छिपाना नहीं ॥ २ ॥ कितनेक सिंहकी तरह दीक्षा लेते हैं, और सिंहकी तरह ही पालते हैं पीछे पतित नहीं होते हैं, यथा अणगारवत्, २ कितनेक सिंहकी तरह दीक्षा लेते हैं, और शृगाल (सियाल) तरह शिथिल होजाते हैं कुण्डरिकवत् ३ कितनेक नतो दीक्षा ग्रहण करते हैं और न पतित होते हैं गृहस्थ या

पीछे उठे पो० नहीं प पीछे पडे, से० वे ता इस प्रकार शाक्यादि ति० कदाचित् जे जो प० मानकर सो लोक म० अन्याश्रित ए० यह पि० मानकर मु साधु ने प फरमाया ॥ ३ ॥ इ यहां आ० आ ज्ञाकांक्षी प० पण्डित अ० स्नेहरहित पु पूर्वापर रात्रि में ज० यत्नासे स० सदा सी० शील सं देखकर ॥ ४ ॥ सु० सुनकर भ० होवे अ० अनिच्छित अ अकषायीपने ॥ ५ ॥ इ० इस से पे० निश्चय जु० युद्ध कर किं० क्या ते० तुझे जु युद्ध लडना ब० बाहर से जु लडनेका अवसर ख० निश्चय दु० दुर्लभ

परिण्णाय लोगमण्णेसिता । एय णियाय मुणिणा पवेदित ॥ ३ ॥ इह आणाकंखी पडिते अणिहे पुव्वावररराय जयमाणे सया सील सपेहाए ॥ ४ ॥ सुणिच्चा भवे अ कामे अझंझे ॥ ५ ॥ इमेण चेव जुज्झाहि, किंते जुज्झेण वज्झओ, जुद्धारिह

शाक्यादि मतको जो प्रथम ज्ञान परिज्ञा से जानकर प्रत्याख्यान परिज्ञा से त्यागे और फिर पार्श्वस्थ बन जाय तो उन्हे गृहस्थ ही जानना ऐसा श्री भगवान का कथन है ॥ ३ ॥ तीर्थंकर की आज्ञा आराधन करने की इच्छावाले साधु को रात्रि दिन प्रथम प्रहर तथा चतुर्थ प्रहरमें सदैव शील ( आचार ) को मोक्ष का अंग मान उसकी शुद्धिकी वृद्धि करना ॥ ४ ॥ विषय कषाय से दुर्दशा होती हुई सुन के स्वस विषय कषाय की इच्छा से रहित होवे ॥ ५ ॥ अहो मुनि ! तुम अपने शरीर के साथ युद्ध करो अन्य बाह्य युद्ध

॥ ३ ॥ ज० जिस तरह कु० कुशलपुरुषने प० परिज्ञा वि० विवेक भा० कहा, पु० ...ने प० फरमाया अज्ञानी ग० गर्भ में र० रमता है ॥ ७ ॥ अ० इसमें ही प० फरमाया है, छ० ... दु दुष्कर हिंसा में था० था ॥ ८ ॥ से० वे दु० निश्चय प० पक्ष से सम्यक् प्रकारे विधान किया ... पु० प मु० साधु अ० अन्यथा लो० स्वरूप को देखकर ॥ ९ ॥ इ० ऐसे क० कर्म को प० जानकर ... प० प

खलु दुस्सह ॥ ६ ॥ जहेत्थ कुसलेहिं परिण्णाविवेगे भासिते चुते हु बाले गब्भातिसु रज्जति ॥ ७ ॥ अस्सिं चेय पव्वुच्चति । रुवंसि वा छणंसि वा ॥ ८ ॥ से हु एगे संविद्धपहे मुणी अण्णहालोग–मुवेहमाणे ॥ ९ ॥ इति कम्मं परिण्णाय सव्वसो, से

करने में क्या फायदा है युद्ध के योग्य ऐसा शरीर फिर मिलना मुश्किल है ॥ ६ ॥ तीर्थंकरने विविध प्रकार के भाव जैसे फरमाये हैं, वैसे ही विवेकी पुरुष उन्हें श्रद्धते हैं, वे ही आत्म कल्याण कर सकते हैं और जिन वचनों का आशय समझे बिना विपरीत अर्थ करके धर्म से भ्रष्ट बननेवाले अज्ञानी जीव बारंबार गर्भ में उत्पन्न होते हैं ॥७॥ जिन शासन में ही ऐसा कहा जाता है कि विषयासक्त बननेवाला हिंसक होता है ॥ ८ ॥ निश्चय से साधु वह ही है कि लोकों की प्रवृत्ति धर्म विरुद्ध होते हुवे भी आप धर्म परायण बना रहे ॥९॥ बुद्धमपारी मुनि कर्म का स्वरूप को जानकर प्रत्येक जीवों के अलग २ सुख दुःख का विचार

स० मे ण० नहीं ।हिं० मारे सं० साधु णो० नहीं प० धीठ बने उ० जानता हुआ प८
साता ॥ १० ॥ य० सुयश: कांसी णा० न आरंभ करे कं० किंचित् स सर्व लोक ए०एक। —म रक्त
वि० विदिसी न देखे, नि० शुद्धाचारी अ० अरक्त प० स्त्रीयों में ॥ ११ ॥ से वे व० संयमी स० सर्व
स० साधु को योग्य प० प्रज्ञा से अ० आत्मा अ० नहीं करने योग्य पा० पापकर्म तं० उसे णो० नहीं अ०
गवेषे ॥ १२ ॥ जं० जो स० सम्यक्त्व पा० देखे, तं० वे मो० साधुत्व को पा० देखे; जं०जो मो०साधुत्व

ण हिंसति संजमति णो पगब्भति, उवेहमाणो पत्तेय साय ॥ १० ॥ वण्णादेसी णारभे कचण सव्वलोए, एग—प्पमुहे विदिसप्पतिण्णे निविण्णचारी अरए पयासु ॥ ११ ॥ से-वसुमं सव्वसमन्नागयपण्णाणेण अप्पाणेण अकरणिज्जं पावकम्मं तं णो अन्नेसी ॥१२॥ जं सम्म—ति पासह, तं मोणं—ति पासह, जं मोण—तिपासह तं सम्मं—

करे और धृष्टता का त्याग कर, संयम में प्रवर्तते हुये किसी भी जीव की हिंसा नहीं करे ॥ १० ॥ मुक्त के इच्छक मुनि सर्व लोक के पाप से निवृत्त होकर स्त्रीयों में विरक्त रहता हुवा आरंभ का सर्वथा त्याग करे और आसपास न देखता हुवा मात्र मोक्ष की तरफ ही दृष्टि रखे ॥ ११ ॥ ऐसे पवित्र साधु को सुबोधी बनकर अयोग्य पाप कर्म की तरफ कदापि दृष्टि नहीं करनी ॥ १२ ॥ जो सम्यक्त्व है, वह ही साधुपना है और जो साधुपना है, वह ही सम्यक्त्व है ॥ १३ ॥ यह साधुपना धैर्य रहित

का पा० देते, ते० वे स० सम्यक्त्व पा० देखे, ॥ १३ ॥ ण नहीं इ० यह स० शक्य ति० शिथिल अ० कायर गु विषयासक्त, वं० कपटी प० प्रमादी, गा० गृहनिवासी ॥ १४ ॥ मु० साधु मो० साधुत्व स० समादरके धु० दूरकरे क० कर्म स० शरीर प० हल्का ऌ० लूखा से० सेवननकरते हैं वी० वीर सम्यक्त्व दर्शी, ए० यही ओ० अघोघ त० तिरनेवाले मु० साधु ति० तिरे हुवे हैं मु० मुक्तहुवे हैं वि० विरक्त हुवे हैं त्ति० कहाये हैं वि० ऐसा कहता हूं ॥ १५ ॥ ❁ ❁

तिपासह ॥ १३ ॥ ण इम सक्कं सिढिलेहिं अद्दिज्जमाणेहिं, गुणासातेहिं, वकसमायरेहिं, पमत्तेहिं, गारमावसतेहिं ॥ १४ ॥ मुणी मोण समायाय धुण कम्म—सरीरगं, पत लूह सेवंति वीरा समत्तदंसिणो। एस ओहंतरे मुणी तिण्णे मुत्ते विरए वियाहिते—त्तिबेमि ॥ १५ ॥ इति लोगसार ज्झयणस्स—तइओद्देसो ❁

शिथिल मनवाले विषयासक्त, कपटी, प्रमादी, और गृहके ममत्वी धारन नहीं कर सकते हैं, ॥ १४ ॥ किन्तु साधु ही ऐसा वचन अंगीकार करके शरीर को शोषते हैं ऐसे सम्यक्त्वदर्शी वीर पुरुष रूक्ष, शुष्क आहार करते हैं, और ऐसे पराक्रमी सावद्यानुष्ठान से निवर्ते हुवे अघोघ तीरे हुवे विरक्तही प्रशंसाये गये हैं, ऐसा मैं तीर्थंकर का कथनानुसार कहता हूं इति लोकसार नामक पंचम अध्ययनका तृतीय उद्देशा पूर्ण हुवा आगे अयोग्य साधु को अकेले फिरने में दोष बताते हैं × +

ना गामाणुगामं दू० फिरतेहुवे दु० दुक्कर जाना दु० दुक्कर पराक्रमकरना भ० होवे अ० अव्यक्त(१) मि साधु को ॥ १ ॥ व वचनसेभी ए० कितनेक मो० मेराहुवा कु० कोपकरते हैं मा० मनुष्य व उन्नतमान न० नर म० महा मोहमें, मु० मुच्छावे सं० दुःख व० बहुत मु फिर दु० दुरुल्लघ यि अ अज्ञानको अ०

गामाणुगामं दूइज्जमाणस्स दुज्जातं दुप्परक्कंतं भवति अवियत्तस्स भिक्खुणो ॥ १ ॥

वयसावि एगे चोइआ कुप्पंति माणवा । उन्नयमाणे य णरे महता मोहेण मुज्झति

संबाहा बहवो भुज्जो दुरतिक्कमा अजाणतो अपासतो एयं ते मा होउ एयं कुसलस्स

अव्यक्त साधुको ग्रामानुग्राम विहार करना फीरना तथा उनका पराक्रम करना खराब है, उसपर चौभंगी उतारते हैं:-(१)सूत्र तथा वय से अव्यक्त साधु को एकिला रहना न कल्पे, क्यों की इससे संयम की तथा आत्माकी विराधना होवे (२) श्रुतसे अव्यक्त तथा वयसें व्यक्त साधु को एकिला फिरना कल्पे नहीं, अगीतार्थपना से संयम तथा आत्माकी विराधना होवे (३) श्रुत से व्यक्त तथा वय से अव्यक्त साधु को एकिला फिरना कल्पे नहीं बालपने से सब स्थान पराभवकारी होवे (४) तथा श्रुत से और वय से व्यक्त साधु को गुरुकी आज्ञा से एकिला फिरना कल्पता है परंतु विना आज्ञा एकिला फिरना कल्पता नहीं।१॥ कितनेक अभीमानी साधु हितशिक्षा का वचन मात्र से विवेक विकल बन गच्छ का परित्याग करते हैं ऐसे अज्ञान, अतत्त्व दर्शी वे अनेक असह्य दुःख प्राप्त होते हैं कि वे उनको दुरुल्लंघनीय होते हैं इसलिये अहो मुनि ! तुम

(१) वयसे अव्यक्त, वय सूत्रसे अव्यक्त गच्छमें रहनेवाला १६ वर्ष की वयका तथा गच्छ के बाहिर रहनेवाला ३० वर्षकी वय वाला श्रुतअव्यक्त गच्छमे रहनेवाले को आचारांगका ज्ञान तथागच्छके बाहिर रहनेवालेको नवपूर्वकी तीसरी वस्तु तकका ज्ञान नहीं हुआहोवे

नहीं देखनेवाले को प० ऐसी तरह म० मत होवो ए० यह कु० भरिहंत का द० अभिप्राय है ॥ २ ॥ स० सबु टष्टि रो, त० तन्मुक्ति स त० सत्मत्कार से तत्संज्ञा मे, त० तन्निवास, ज० यत्ना से प्रवर्तनेवाला ग० चित्तगवेषी, पं० पंथगामी, प० आज्ञानुवर्ती पा० सतुप्रेक्षक, ग० विचरे से० वे अ० आते प० जाते सं० संकुचन करते, प० प्रसारित करते वि निवर्तते स० प्रमार्जन करते ॥१॥ ए एकदा गु० गुणयुक्तको री० फिरते का० कायाके स्पर्श से स० आयेहुवे ए० एकदा पा० प्राणी उ० घात होय इ० इस लोक वे० वेदना

दगण ॥२॥ तद्दिट्ठीए, तम्मुत्तीए, तप्पुरक्कारे, तस्सनी, तन्निवेसणे, जय विहारी चित्त णिवाति पंथणिज्झाती, पलिबाहिरे, पासिय पाणे गच्छेज्जा । से अभिक्कममाणे पडिक्कम माणे संकुचमाणे, पसारेमाणे, विणियट्टमाणे सपलिमज्जमाणे ॥ २ ॥ एगया गुण-समियस्स रीयतो काय संफास—मणुचिन्ना एगतिया पाणा उद्दायंति, इह लोगवेयण

जो ऐसा न हो, ऐसा श्री वीर परमात्मा का फरमान है ॥ २ ॥ साधु का प्रधान कर्तव्य यही है कि सदैव गुरु की दृष्टिगोचर रहना गुरु मना करे उन की संगति नहीं करना, गुरु की आज्ञा सन्मान पूर्वक मानना गुरु के कार्यों पर पूर्ण श्रद्धा रखना, यत्ना से कार्य करना, गुरु के आने का मार्ग का अवलोकन करना, सर्व प्राणियों की रक्षा पूर्वक गुरु की साथ ग्रामानुग्राम विचरना, इतनाही नहीं अपितु जाते, आते, उठते, बैठते, भाते, अंग पूंजते इत्यादि सर्व कार्य करते गुरु की आज्ञा धारन करना ॥१॥ सद्गुणी मुनि को यत्ना पूर्वक वर्तते हुवे कदाचित जीव घात हो जावे तो उस पाप का उसी भव में क्षय हो सके इतनाही कर्मबन्ध होता है

प्र० वेदके क्षय करे जं जो आ० आकुट्टी क का०कर कर्म तं०उसे प० मानकरे वि० निवर्ते ए० ऐसे अ० अप्रमाद से वि० निवर्ति कि० कर, वे० ज्ञानी ॥ ४ ॥ से० अथ प० दीर्घदर्शी प० बहुत ज्ञानी उ०उपशान्त स० समिति स०सहित स०सदायत्नी द०देखके वि०विचार करते हैं अ०आत्मा का कि०क्या ए यह ज०स्त्री क० करेगी ए० यह से० उसे प परम आराम जा० जो है ला० लोक में इ० स्त्रीओं मु० साधु मु० निश्चय प० कहा है ॥ ५ ॥ उ० पीडित होवा गा० इन्द्रिय धर्म से अ० आपि णि० निर्बल आहार करे

वेज्जावढिर्य, ज आउट्टीकिय कम्मं तं परिण्णाय विवेग-मेति । एवं से अप्पमाएणं वि वेग किट्टति वेदवी ॥ ४ ॥ से पभूयदसी पभूयपरिण्णाणे उवसंते समिए सहिते स याजए दट्ठुं विप्पडिवेदेति अप्पाण,—" किमेसजणो करिस्सति, एससे परमारामे जाओ लागंसि इत्थिओ" मुणिणा हु एत पवेदित ॥ ५ ॥ उव्वाहिज्जमाणे गामधम्मेहिं अवि

कदाचित् कारणवशात् आकुट्टी—मानकर पाप करना पडे तो उस के लिये आचार्य समीप योग्य प्राय श्चित लेने से कर्म क्षय होते हैं, यह प्रायश्चित् अप्रमादीपने आचरने से कर्म क्षय होते हैं ऐसा आगम के ज्ञान महात्माओं का फरमान है ॥ ४ ॥ इसलिये दीर्घदर्शी, विशेषज्ञ, क्षमावान्, पंडित, गुप्तवृत्ति, सद्गुणी, और सदा यत्नावन्त साधु स्त्री को देख कर विचार करते हैं कि यह स्त्री मेरा क्या कल्याण करेगी! यह प्रमद् जीवों के मन को भ्रमित करती है यह हितशिक्षा श्री वीर प्रभुने दी है ॥ ५ ॥ यदि मोहादिक

अ० अपि मो० उणोदरी करे, अ० अपि उ० ऊंचे हाथ रख ग० काउसग करे अ० अपि गा० ग्रामानुग्राम दू० विहार करे, अ० अपि आ० आहार छोडे, अ० अपि च० छोडे इ० स्त्री से प० मन को ॥ ६ ॥ पु० पहिले दं० दण्ड प० पीछे फा० स्पर्श, पु० पहिले फ० स्पर्श प० पीछे दण्ड, इ० यह क० क्लेश सं० संग करनेवाले भ० होवें प० प्रतिलेखे आ० आगमिक आ० दुःख अ० सेवन नहीं करे ति० एसा बे० कहता हूं ॥ ७ ॥ से० वे णो० नहीं का० कथा करे णो० नहीं पा० देखे, णो० नहीं प० विचार करे णो०

णिव्वलासए, अवि ओमोदरिय कुज्जा अवि उड्ढं ठाण ठाएज्जा अवि गामाणुगाम दूइज्जा अविआहार वोछिंदिज्जा, अविचए इत्थीसु मण ॥ ६ ॥ पुव्वंदडा पच्छाफासा, पुव्वं फासा पच्छादंडा, इच्चेते कलहा संगकरा भवंति । पडिलेहाए आगमित्ता आणविज्जा अणासेवणाए त्तिबेमि ॥ ७ ॥ से णा कहिए, णोपासणिए, णोसंपसारए, णोममाए

उदय मे इन्द्रियों पिडित करे तो उसको शान्त करने के लिये तुच्छ आहार करे, अवमोदर्य आहार करे। एक स्थान खडा रहकर कायोत्सर्ग करे, ग्रामानुग्राम विहार करे; इतने प्रयत्न करते हुवे भी मन वश नहो वे तो आहार छोड देवे, अपितु स्त्री संग नहीं करे. ॥ ६ ॥ स्त्रीयों का संग किये पहिले संजोग मिलाने के लिये अनेक दुःख भोगने पडते हैं और संग किये बाद भी हीन शक्ति, रोग, नरकवास, आदि दुःख सहन करने पडते हैं इस तरह स्त्री को क्लेश की उत्पन्न करने वाली जान कर मुमुक्षुओं को उसका संग से सदैव दूर रहनाही कल्याण कारक है ॥७॥ ब्रह्मचारीयोंको स्त्री के शृंगार की कथा करना नहीं, स्त्री के

नहीं म ममत्व करे, णो॰ नहीं, क वैयावृत्य करे, व॰ वचनगुप्त, अ॰ आत्मागोप कर प॰ परिवर्जे स॰ सदा पा॰ पाप को प यह मो॰ साधुता स मच्छी मान वादू चि॰ ऐसा बे॰ में कहता हूं ॥ ४ ॥

से॰ मन बे॰ में कहता हूं तं॰ वह ज॰ यथा—अ॰ अपि ह॰ द्रह, प॰ प्रतिपूर्ण चि॰ रहे स॰ बरोबर भो॰ भूमीपर, उ॰ स्वच्छ सा॰ रक्षिता से॰ वह चि॰ रहता है सो॰ शास्त्रपारंगत से॰ वे पा॰

णा कयाकिरिए, वइगुत्ते, अज्झप्पसंवुडे, परिवज्जए सया पावं, एयं मोणं समणुवासेज्जा सि—त्तिबेमि ॥ ८ ॥ इति लोगसार ज्झयणस्स चउत्थो देसो सम्मत्तो ॥

सेबेमि—तं जहा अविहरए परिपुन्ने चिट्ठति समंसि भोमे उवसंतरए सारक्खमाणे । से चिट्ठति सोयमज्झगए, से पास सव्वतो गुत्ते । पास लोए महेसिणो, जे य पण्णाण

भगापांग देखना नहीं ३ स्त्री साथ एकासन बैठना नहीं, ४ स्त्री से प्यार करना नहीं, ५ स्त्री का कार्य करना नहीं ६ कि बहुना स्त्रीयों से वचन मात्र का उच्चार नहीं करना यों सर्व प्रकार से मन को संयम में रख कर पापाचारसे सदैव दूर रहना इस तरह ही साधुपना पाले ऐसा मैं श्री तीर्थंकर की आज्ञा नुसार कहता हूं ॥ ८ ॥ इति लोकसार नामक पंचम अध्ययन का चतुर्थ उद्देशा पूर्ण हुवा इस उद्देशा में स्त्री का संग त्यागने का कहा सो स्त्रीसंगत्यागी, सदाचारी सदैव होना इसलिये आगे सदाचार का स्वरूप बताने वास्ते द्रहका द्रष्टान्त बताते हैं

+ +

देखे स० सर्वगुप्त, पा० देखे लो० लोक म० महाऋषि म जो प० प्रज्ञावन्त प० प्रबुद्ध आ० आरंभ से० निवृत्त स० सम्यक भाव से पा देखते का० कालको कं० वांछते प० प्रवर्ते त्ति० ऐसा बे० मैं कहता हूं ॥१॥

मंतो पबुद्ध आरंभोवरया सम्म—मेयति पासह कालस्स कंखाए परिव्वयति त्तिबेमि ॥१॥ वितिगिच्छसमावण्णेणं अप्पाणेण णो लभति समाहिं ॥ २ ॥ सियावेगे अणुगच्छंति

जैसे कोई सपाट स्थान में + निर्मल जलसे भरा हुवा सुरक्षित जलाशय सदैव शुद्ध रहता है वैसेही कितनेक शुद्धाचारी आचार्यों ज्ञान जल से परिपूर्ण होकरके निर्दोष क्षेत्रों में रहकर जीवों का संरक्षण करते हुवे ज्ञान जल के प्रवाह की वृद्धि करते हुवे सुरक्षित रहते हैं इतना ही नहीं परंतु कितनेक साधु विवेक सहित मति बोध पाकर आरंभ से निवृत्त होते हैं और समाधि मरण की इच्छा करते हुवे दृढकी संयम पर्तते हैं ॥ १ ॥

---

+ द्रहकी चौभंगी एक ऐसा द्रह है कि जिसमें से पानी निकलता है और उस में आता है सीता सीतोदा नदीवत्, दूसरा ऐसा है की जिसमें से पानी नीकलता है परंतु आता नहीं है, पद्म द्रहवत्, तीसरा द्रह ऐसा है कि पानी आता है, परंतु निकलता नहीं है समुद्रवत और चौथा द्रह ऐसा है कि पानी आता भी नहीं है और नीकलता भी नहीं है वैसे ही कितनेक आचार्य प्रथम भांगा जैसे हैं स्वतः शास्त्र का अभ्यास करे और दूसरे को करावे गणधरादिवत्, दूसरा भांगावाला आचार्य श्रुत ग्रहण करे नहीं, परतु अन्य को भणावे, ती र्थकरवत्, तीसरा भांगा का आचार्य श्रुत ग्रहण करे परंतु अन्य को भणावे नहीं, चौथा भांगावाला आचार्य आप भणे नहीं और अन्य को भणावे नहीं प्रत्येक बुद्धवत

अ० असत्य हो० होता है अ० असत्य म० मानते हुये को ए० एकदा स० सत्य हो० होता है, अ० अ सत्य म० मानते हुये को ए० एकदा अ असत्य हो० होता है ॥ ४ ॥ स० सत्य ऐसा म० मानने वाले को स० सत्य वा० या अ० असत्य वा० या स० सत्य हो० होवे उ० विचारणासे अ० असत्य म० मानने वाले को स० सत्य वा० या अ० असत्य वा० या अ० असत्य हो० होवे उ० विचारणासे ॥ ५ ॥

असमियति मण्णमाणस्स एगया समियाहोति, असमियं—ति मण्णमाणस्स एगया अस मिया होति ४ समिय ति मण्णमाणस्स समिया वाअसमियात्रा समिया होति उवेहाए अस मिय ति मण्णमाणस्स समिया वा असमिया वा असमियाहोति उवेहाए।५।उवेहमाणो अणुवेह

जीवन शुद्ध श्रद्धते हैं २ कितनेक मध्यम दीक्षा ग्रहण करते समय तो सत्य मानते हैं और फीर किसिके बहकाने से भ्रमित होजाते हैं, तथा असत्य मानने लग जाते हैं ॥ ४॥ कितनेक सरल स्वाभावी दीक्षा ग्रहण करते समय दीक्षा का कुच्छभी मतलब नहीं समझते हैं परंतु जैसे २ तत्त्वों का स्वरूप की पहिचान होती जाती है, वैसे २ श्रद्धालु बन जाते हैं, और कितने पाखण्डी मिथ्याग्रही बन जिनवचन को सदैव असत्य ठहराते हैं ।५। जो सम्यक् ज्ञानी हैं, उनकी असत्य व सत्य दोनों भावों यथार्थ विचारणासे सम्यक् भगवतीके

वि० वितिगिच्छा स० युक्त को अ० आत्मा को णो० नहीं ल० प्राप्त होवे स० समाधि ॥ २ ॥ सि० गृहस्थ ए० कितनेक अ० समझते हैं अ० साधु वे० कितनेक अ० समझते हैं अ० समझते के साथ अ० अ समझते हुवे क० कैसे ण० नहीं णि० खेदित होवे त० वह ही स० सत्य णि० निःशंकित जं० जो जि० जि नेन्द्रने प० कहा है ॥ ३ ॥ स० श्रद्धावन्त को, स० समझदार को, स प्रव्रजित को, स० सत्य ति० ऐसा म० मानते हुवे को ए० एकदा स० सत्य हो० होवे स० सत्य ति ऐसा म० मानते हुवे को ए० एकदा

असियावेगे अणुगच्छंति, अणुगच्छमाणेहिं अणणुगच्छमाणो कहं ण णिव्विज्जेज्जा, तमेव सच्चं णिसकं जं जिणेहिं पवेइयं ॥३॥ सड्ढिस्स णं समणुन्नस्स संपव्वयमाणस्स समियं ति मण्णमाणस्स एगया समिया होति समियंति मण्णमाणस्स एगया असमिया होति

"फल होगा या नहीं" ऐसा संशय रखनेवाले को समाधि प्राप्त नहीं होती है ॥ २ ॥ तीर्थंकर के वचन कितनेक गृहस्थ और कितनेक साधु को समझते हुवे के साथ रहकर भी समझ में न आवे तो वह क्यों खेदित नहीं होवे ? अपितु अवश्य ही होवे उस समय उसको गुरु उपदेश देवे कि जो जिन भगवानने कहा है, वह ही निशंकपने सत्य है ॥ ३ ॥ महात्मा मुनि या तीर्थंकर के फरमाये हुवे वचनों को १ कितनेक श्रद्धावन्त तत्व दीक्षा ग्रहण करते समय तत्रामेव सत्य मानते हैं और वैसे ही याव

उ॰ जान, अ अमान से भू॰ कोई उ॰ विचार करे स॰ सत्य से ६ ऐसे स तहां स कर्म सन्धि
झो॰ झोंकनेवाला म॰ होता है ॥ ६ ॥ से॰ वे उ॰ सावधान हुवे ठि॰ अस्थित ग॰ सुगति स॰ अच्छीतरह
पा॰ देखो, ए॰ यहां भी पा॰ अज्ञानी अ॰ अपनी आत्मा को णो॰ नहीं उ॰ उपदेश करे ॥ ७ ॥ तु॰ तू
है स॰ वह चे॰ निश्चय जं॰ जिस को ह॰ मारना ति॰ ऐसा म॰ मानता है, तु॰ तूही है स वह च॰ नि
श्चय, जं॰ जिसे अ॰ हुक्म करना ति॰ ऐसा म॰ मानता है, तु॰ तूही है स॰ वह चे॰ निश्चय जं॰ जिसे

माण भूया—उवेहाहि समियाए, इच्चेव तत्थ संधी झोसितो भवति ॥ ६ ॥ से उठिय
स्स ठियस्स गतिं समणुपासह । एत्थवि बालभावे अप्पाणं णो उवदसेज्जा॥७॥ तुमंसि
नाम स चेव ज हतव्वं ति मन्नसि, तुमंसि नाम स चेव ज अज्जावेयव्वंति मन्नासि, तुम

हैं उनको असत्य व सत्य दोनों बातों यथार्थ विचारना से सम्यक परगमती है और मिथ्यादृष्टीको सत्य व
असत्य दोनों बातों अयथार्थ विचारना से असम्यक परगमती है ॥ ८ ॥ सम्यक्ज्ञानी मिथ्यात्वी को
सम्यक्त्वी बनाने के लिये प्रेरित करते हैं, कि अहो बुद्धिमान् तुम सम्यक प्रकार से विचारकरो क्योंकि ऐसा
सम्यक् विचार करने में ही कर्म क्षय होता है ॥ ६ ॥ अहो मुनि ! श्रद्धावान तथा गुरुकुल निवासी मुनि
की पद्धि का और गति का अवलोकन करो, वैसेही पार्श्वस्थ तथा स्वच्छंदाचारी की पद्धि का तथा गति
का विचार करो; फिर तदवेसा मन असंयम से आत्मा को बचावो ॥ ७ ॥ अहो पुरुष ! निश्चय तू

प० परिताप देना म० मानता है तु० तूही है स० वह चे० निश्चय जं० जिसको प० घात करना म० मानता है ए० ऐसे ही तु० तूही है स० वह च० निश्चय जं० जिसे उ० उद्वेग करना म० मानता है अं० सरल चे० इस में प्रतिबुद्ध जीवी, त० इस लिये ण० न मारो वि० विचार करो अ० पीछा भोगवे अ० आत्मा से जे० जिसे ह० मारना णा० न वांछे ॥ ८ ॥ जे० जो, आ० आत्मा से० वे वि० ज्ञान वाला

सि नाम स चेव ज परितावेयव्वाति मन्नासि तुमसि नाम स चेव ज परिवेतव्वंति मन्नासि एवं तुमसि नाम स चेव ज उद्दवेयव्वातिमन्नासि, अजू चेयपडिबुद्धजीवी तम्हा णहंता, णविघाय ए अणुसंवेयण—मप्पाणेणं, जं हंतव्व णाभिपत्थए ॥ ८ ॥ जे आया से विन्नाया जे

मारने का, ताडे करने का दुःखी करने का, पकडने का, प्राण रहित करने का विचार करता है उन समय यह भी विचारना चाहिये कि वह ही मैं हूं ऐसी समझ सरल स्वभावीयों की होती है इसलिये साधु किसी को मारे नहीं क्योंकि अन्य को मारने से अपनी आत्मा को दुःख भोगना पडता है ऐसा जानकर किसी को दुःख देने का विचार कदापि नहीं करना ॥ ८ ॥ जो आत्मा है वह ही जानने वाला है, और जो जानने वाला है वह ही आत्मा है जिस ज्ञान से जाना जाय वह ज्ञानही आत्मागुण है और इस गुणकी अपेक्षा से ही आत्मा कहा जाता है इस तरह जो आत्मा तथा ज्ञान का अद्वैप भाव जानते हैं

ज॰ जो वि॰ जाननेवाला से॰ वे आ॰ आत्मा, जे॰ जिस से वि॰ जानाजाता है स॰ वह आत्मा तं॰ उस प॰ अपेक्षा प॰ आपना, ए॰ यह आ॰ आत्मवादी स॰ सम्यक् प्रकार प॰ संयम वि॰ करा त्ति॰ ऐसा बे॰ करता हूं ॥ १ ॥ इ॰ ऐसा लो॰ लोकसार अध्ययन पं॰ पंचम उ॰ उद्देश * *

अ॰ अनाज्ञा में ए॰ कितनेक सो॰ उद्यमी आ॰ आज्ञा में ए॰ कितनेक नि॰ निरुद्यमी ए॰ यह ते॰ तुमको मा॰ मत हो॰ होवो ए॰ यह कु॰ कुशल का दं॰ दर्शन है ॥ १ ॥ त॰ तद्दृष्टि में त॰ तन्मुक्ति में

विभाया से आया, जेणविजाणति से आया तं पडुच्च परिसखायए, एस आयवादी समियाए परियाए वियाहिते—त्तिबेमि ॥ ९ ॥ इति लोकसारज्झयणस्स पचम उद्देसो

अणाणाए एगे सोवट्ठाणे, आणाए एगे निरूवट्ठाणे, एतं ते मा होउ एय कुसलस्स दसण ॥ १ तद्दिट्ठीए, तम्मुत्तीए, तप्पुरक्कारे, तस्सण्णी तण्णिवेसणे, अभिभूय अदक्खू अण

यह ही सच्चे आत्मवादी हैं और उसकादी संयमअनुष्ठान यथार्थ कहा जाता है, ॥ ९ ॥ इति लोकसार नामक पंचम अध्ययनका पंचम उद्देशा पूर्ण हुआ आगे उन्मार्ग तथा रागद्वेष त्यागने का बोध करते हैं

इस जगत् में कितनेक जिनाज्ञा के विरुद्ध वर्तन करते हैं और कितनेक जिनाज्ञानुकूल प्रवृत्तिमें निरुद्यमी बन रहे हैं अहो मुनि ! तुम को ये दोनों बातों न होवो ऐसा श्री वीरप्रभुका दर्शन है ॥ १ ॥ जो सदैव गुरुकी आज्ञा में रहते हुवे गुरु का कथन स्वीकारते हैं, गुरुका बहुत सन्मान करते हैं, श्रद्धा रखते हैं,

म० तत्त्वकार में त० नवश्रद्धा में वसूकस्मनिवास में, अ० जीतकर भ० देखा भ० नहीं अभिगाथानुवा प०
मय। णि० निरालम्बी जे० जो म० महात्मा अ० भगवान की आज्ञा में मन ॥ २ ॥ प० गुरुपरम्परा से
प मरपन, जा माने स०स्वमति स, प०जिनोपदेशसे,अ दूसरेके वा पाअ०पास सो०सुनकर॥३॥णि० था
शा णो० नहीं उल्लंघे मे० पण्डित सु० अच्छी तरह विचारकर, म सर्वथा स०सम्यक्प्रकार से स०समजा
णकरके ॥ ४ ॥ इ० यहां (संयम) प० जाकर अ० अधीन गुप्त प० प्रवर्ते णि० मोक्षार्थी वी वीर आ०

मिभूते, पभू णिरालंबणयाए जे मह अग्रहिमणे ॥२॥ पवादेण पवाय जाणेज्जा सहस
म्मइयाए परवागरणेणं अन्नेसिं वा अतिए सोच्चा ॥ ३ ॥ णिद्देस णातिवत्तेज्जा मेहावी
सुपडिलेहिय सव्वतो सव्वयाए सम्ममेव समभिजाणिया ॥ ४ ॥ इहारामं परिण्णा

उन महात्मा का मन सर्वज्ञोपदेश से कदापि बाहिर नहीं जाता है और वे किसी से पराभूत नहीं होते हुवे
निरालम्बनतारूप भावना भावने को समर्थ होते हैं, ॥ २ ॥ गुरुकी परंपरासे जिनोपदेश को जानना अथवा
जिनोपदेश स परतीर्थियों के प्रवाद तपासना वे जिन प्रवाद तथा परतीर्थिक प्रवाद तिन प्रकार से जाने
जाते हैं १मातिस्मरणादि ज्ञानसे २तीर्थंकर के कहने से तथा ३आचार्यादिक की पाससे श्रवण करनेसे॥३॥
उक्त प्रकार से सर्वज्ञप्रवाद तथा परप्रवाद को तपास कर सर्वज्ञ प्रवाद को यथार्थ जानकर बुद्धिमान सर्व
ज्ञोपदेश को उल्लंघे नहीं ॥ ४ ॥ इस जगत में संयम को सच्चा सुखस्थान मानकर जितेन्द्रिय रहना

